Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India
Media and Public Relations Office

दिनांकः 23 / 06 / 2022

प्रकाशनार्थ

## कुलपति प्रो. राजेश सिंह को महर्षि वाल्मीकि राष्ट्रीय सम्मान 2022

गोरखपुर। चंपारण सांस्कृतिक महोत्सव समिति, मोतिहारी बिहार ने दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राजेश सिंह को महर्षि वाल्मीकि राष्ट्रीय सम्मान 2022 से अलंकृत करने का निर्णय लिया है। यह सम्मान प्रोफेसर सिंह को 12 एवं 13 नवंबर 2022 को मोतिहारी में होने वाले दो दिवसीय चंपारण सांस्कृतिक महोत्सव 2022 के अवसर पर दिनांक 13 नवंबर को प्रदान किया जाएगा। महर्षि वाल्मीकि राष्ट्रीय सम्मान के तहत प्रोफेसर सिंह को महर्षि वाल्मीकि का एक भव्य व आकर्षक प्लेक, अंगवस्त्रम तथा ₹1,00,000 की नगद राशि तथा प्रशस्ति पत्र पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए जाएंगे। चंपारण संस्कृत महोत्सव समिति की तरफ से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लोक गायिका तथा सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन तथा संगीत नाटक एकेडमी सदस्य की सदस्य डॉक्टर नीतू कुमारी नूतन तथा समाजसेवी संजय पांडे ने कुलपति प्रोफेसर सिंह से आज कुलपति निवास पर मुलाकात की तथा उन्हें डॉक्टर नीतू कुमारी नूतन द्वारा रचित पुस्तक कालिदास के साहित्य संसार में संगीत का स्वरूप भी भेंट की।

Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur